Title: Need to increase the amount of medical allowance being given to retired Central Government Employees in Uttaranchal. − Laid.

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूडी (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान सेवा निवृत्त केन्द्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले चिकित्सा भत्ता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। सेवा निवृत्त कर्मचारियों को पेंशन के साथ स्वास्थ्य भत्ता मात्र रू0 सौ ही प्राप्त होता है, जो कि नगण्य है। जिन स्थानों पर केन्द्र सरकार स्वास्थ्य योजना के केन्द्र (सीजीएचएस) (विशेषकर उत्तरांचल में) उपलब्ध नहीं हैं, वहां पर ऐसे पेंशन भोगियों के लिए सौ से भी अधिक धनराशि मात्र डाक्टर की फीस देने में ही चली जाती है और दवाइयों की दर तो बहुत ही अधिक होती है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि केन्द्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को चिकित्सा भत्ता को बढ़ाकर रू0 पांच सौ किया जाये।